## हरदोई में सड़क ऊपरि पुल का निर्माण

8867. **श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार यातायात के आवागमन सम्बन्धी कठिनाई और हरदोई की जनता की असुविधा को दूर करने के लिए हरदोई (यू० पी०) में लखनऊ-दिल्ली मुख्य रेल मार्ग पर एक सड़क ऊपरिपुल का निर्माण करने का है ;

(ख) यदि हां, तो पुल का निर्माण कार्य कब तक आरंभ कर दिया जाएगा ; और

(ग) यदि नहीं, तो हरदोई से आने-जाने वाले लोगों की कठिनाई की उपेक्षा किये जाने के क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) :** (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) मौजूदा व्यस्त समपारों के बदले ऊपरी/निचले सड़क पुलों का निर्माण कार्य राज्य सरकारों के साथ लागत भागीदारी के आधार पर संयुक्त रूप से लिया जाता है और प्रस्ताव राज्य सरकारों/सड़क प्राधिकारियों द्वारा प्रायोजित किये जाने होते हैं तथा उन्हें अपनी लागत वहन करने का वचन देना होता है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा हरदोई के निकट ऊपरी सड़क पुल के निर्माण के लिए अभी तक कोई प्रस्ताव प्रायोजित नहीं किया गया है।

## Increase in number of Indian Migrant Labourers Deported from Abroad

8868. SHRI G. Y. KRISHNAN : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government are aware that there has been an increase in the number of Indian migrant labourers deported from abroad to India during the last three years ;

(b) if so, the details regarding their number, year-wise and country-wise ; and

(c) the reasons for increasing deportation of Indian labourers ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI A.A. RAHIM) : (a) to (c) Information is being collected and will be laid on the Table of the House as soon as possible.

## स्वतंत्रता सेनानियों की परिचय पुस्तक का प्रकाशन

8869. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या शिक्षा और संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों का एक परिचय-पुस्तक ("हू इज हू") प्रकाशित करने के लिए कोई कार्यक्रम तैयार किया है; और

(ख) अब तक इस दिशा में क्या कार्रवाई की गई है और इस वर्ष उसको तेजी से पूरा करने के लिए योजना का क्या ब्यौरा है ?

**शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मंत्रालयों की राज्य मंत्री (श्रीमती शीला कौल) :** (क) जी, हां।

(ख) यह परियोजना "भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास" और "भारतीय शहीदों का परिचय" की पूरक थी, जिसे पूरा किया जा चुका है। 1960 में संघ सरकार द्वारा सभी राज्य सरकारों को इस परियोजना को निष्ठापूर्वक आरंभ करने के लिए सलाह दी गई थी। अनेक राज्य सरकारें, जैसे पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और दिल्ली आदि ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिचय के कुछ खण्ड प्रकाशित किये हैं।

## कोयले की ढुलाई के दौरान कोयले की चोरी से हुई हानि

8870. **श्री छीतूभाई गामित** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कभी कोयला मुहानों से विभिन्न गन्तव्य स्थानों को कोयले की ढुलाई के दौरान चोरी से होने वाले नुकसान का आकलन किया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम हैं ; और

(ग) इस प्रकार के नुकसान को रोकने लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं और कोयले की इस प्रकार की चोरी में रेल कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल किस सीमा तक शामिल है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ)** : (क) और (ख) जी हां। 1980-81 से 1983-84 तक (सितम्बर 83 तक) की अवधि के दौरान परिवहन में हुई रेलवे कोयले की हानि नीचे दी गयी है :—

| वर्ष | परिवहन में हुई हानि की मात्रा (लाख टनों में) | हानि का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1980-81 | 3.45 | 2.9% |
| 1981-82 | 4.08 | 3.9% |
| 1982 83 | 4.80 | 4.7% |
| 1983-84 (सितम्बर, 1983 तक) | 2.55 | 5 4% |

(ग) इस प्रकार की हानि की रोकथाम करने के लिए निम्नलिखित उपचारात्मक उपाय किये जा रहे हैं :—

1. कोयले की चोरी के मामलों को रोकने/पता लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों को तैनात किया जाता है।

2. अपराधियों को पकड़ने और चुराये गए कोयले को बरामद करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा छापे मारे जाते हैं।

3. चुरायी गयी सम्पत्ति के प्रापकों के बारे में अपराध आसूचना इकट्ठी करने और उनके ठिकानों पर छापे मारने के लिए रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों को सादा कपड़ों में तैनात किया जाता है।

4. भेद्य खंडों में कोयले के रेकों के साथ मार्ग रक्षियों को भी भेजा जाता है।

5. प्रारम्भिक/लदान और यानान्तरण स्थलों पर कम लदान का पता लगाने के लिए अचानक जांच की जाती है।

पिछले चार वर्षों के दौरान कोयले की चोरी के कारण निम्नलिखित रेल कर्म-